सहारनपुर विकास प्राधिकरण, सहारनपुर।

बोर्ड बैठक

(परिचालन के माध्यम से)

दिनांक : 16 मार्च, 2018

Scanned by CamScanner

एजेन्डा नोट

आईटम संख्याः 01 (परिचालन के माध्यम से)

विषयः श्री अनुज विश्नोई पुत्र श्री जितेन्द्र सिंह विश्नोई, श्री दीपक गर्ग पुत्र श्री राम निवास गर्ग, श्री संजीव लोहती पुत्र श्री जितेन्द्र लोहती द्वारा प्रस्तुत मानचित्र सख्या 25/2016–17 में भू–उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में।

श्री अनुज विश्नोई पुत्र श्री जितेन्द्र सिंह विश्नोई, श्री दीपक गर्ग पुत्र श्री राम निवास गर्ग, श्री संजीव लोहती पुत्र श्री जितेन्द्र लोहती द्वारा ग्राम छजपुरा परगना हरौडा के खसरा सं0 239/2 कुल क्षे0 3551.88 वर्गमी0 पर आटोमोबाईल वर्कशॉप भवन निर्माण हेतु मानचित्र सं0 25/2016–17 कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि का भू–उपयोग पार्क क्रीडा एवं खुला स्थल है परन्तु मा0 बोर्ड बैठक के प्रस्ताव में भू–उपयोग कृषि लिया गया था, यही प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया। संदर्भ में दांयी ओर संलग्न श्री अजय कुमार मिश्र मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजन के पत्र सं0 2162/व नि(4)/सहारनपुर–भू–उप0परि/16–17 दिनांक 26.12.2016 में उल्लेख है कि प्रश्नगत स्थल का भू–उपयोग, सहारनपुर विकास प्राधिकरण की 50वी बोर्ड बैठक में दिनांक 10.05.2016 में, कृषि से यातायात एवं परिवहन में परिवर्तन करने का प्रस्ताव अनुमोदित करते हुए शासन को स्वीकृति हेतु प्रेषित करने का निर्णय लिया गया है। सहारनपुर महायोजना–2021 मे प्रश्नगत स्थल का भू–उपयोग पार्क क्रीडा एवं खुले स्थल होने के प्राधिकरण द्वारा इस सम्बन्ध में 50वी बोर्ड बैठक में पारित प्रस्ताव त्रुटिपूर्ण है। अतः सहारनपुर विकास प्राधिकरण द्वारा प्रेषित प्रश्नगत भू–उपयोग परिवर्तन सम्बन्धी प्रस्ताव को निरस्त किया जाना चाहिए।

अतः उपरोक्त तथ्यो की दृष्टिगत पूर्व बोर्ड प्रस्ताव निरस्त करने तथा उक्त प्रकरण में स्थल का भू–उपयोग क्रीडा, पार्क एवं खुले स्थल से यातायात एवं परिवहन में परिवर्तन का प्रस्ताव मा0 बोर्ड के समक्ष विचारार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

निर्णयः– प्रस्ताव विचारोपरान्त अनुमोदित करते हुये निर्देशित किया गया कि उ0प्र0 नगर योजना एवं विकास अधिनियम–1973 की धारा–13(2) के अन्तर्गत स्वीकृति हेतु शासन को प्रेषित किया जाये।

उपाध्यक्ष
सहारनपुर विकास प्राधिकरण
सहारनपुर।

जिलाधिकारी
सहारनपुर।

नगर आयुक्त
नगर निगम, सहारनपुर।

अपर निदेशक (कोषागार)
सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर।

अधीक्षण अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, सहारनपुर।

अधीक्षण अभियन्ता
लोक निर्माण विभाग (32वां वृत्त)
सहारनपुर।

वरिष्ठ नियोजक
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग
उ0प्र0 लखनऊ।

अनुमोदित

आयुक्त/अध्यक्ष
सहारनपुर मण्डल/विकास प्राधिकरण,
सहारनपुर।

AL 1(23)

Scanned by CamScanner